Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 10-03-2006
Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

an>

Title : Need to provide potable water to the people at Chas and Chandan Kiari blocks in Bokaro district, Jharkhand.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं धनबाद लोक सभा का सांसद होने के नाते अपने क्षेत्र की समस्या की ओर आपका ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। धनबाद में बोकारो जिला आता है। वहां पानी को लेकर लोगों में हाहाकार मची है। गांव-गांव तक कहीं भी पीने का पानी नहीं है। जिस के चलते लोगों में पलायन की स्थिति आ गई है। बोकारो जिला के चास एवं चन्दन कियारी प्रखंड में पेय जल का घोर संकट है। वहां के लोग गंदे तालाब एवं गरगा नदी का पानी पीने पर विवश हैं। चास के लोग प्रति गैलन 10 रुपए के हिसाब से पानी खरीद कर पीने पर मजबूर हैं। चास में 15 वर्ों से पेय जल जलापूर्ति योजना सिर्फ कागज पर बनी हुई है जो अभी तक कार्यान्वित नहीं हो पायी है जिस के चलते पेय जल का घोर संकट है। इस दृश्य को जिले के सभी उच्च अधिकारी देखते हैं परन्तु किसी ने संवेदनशीलता नहीं दिखायी। बोकारो स्टील से सटा हुआ माराफारी, शि वनडीह, रितुडीह, कुर्माडीह, वालीडीह है। उन क्षेत्रों की महिलाओं को पानी लेने के लिए दो-दो किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। इन क्षेत्रों के सभी चापानल खराब हो गए हैं और तालाब सूख गए हैं। बोकारो स्टील के आवासीय कालोनी को छोड़ कर पूरे क्षेत्र में कमोवेश पेय जल की यही स्थिति है। मैं इन क्षेत्रों में पेय जल की सु ि वधा बहाल करने की मांग करता हूं क्योंकि यह बहुत बड़ी समस्या है। पूरे झारखंड में यह समस्या है। पानी कहीं नहीं है। जल स्तर काफी नीचे चला गया है। कुंए और तालाब सूख गए हैं। स्थिति बहुत ही खराब है।